54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 11.3°c अधिकतम 20.0 °c

**अमृतवाणी**
जो चाहा वो मिल जाना सौभाग्य एवं सफलता है! जो मिला उसको चाहना वास्तविक सुख और प्रसन्नता है!!

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 7:06, सूर्यास्त - 5:59 | वर्ष : 54/ अंक : 34 | बुधवार, 04 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

चुनाव आयोग को अपनी बिल्डिंग पर बीजेपी का झंडा लगा लेना चाहिए : अखिलेश यादव



मशवरा अच्छा दिया है आपने...

## स्वामी राम विशाल की अमर्यादित भाषा : इकरा हसन गुर्जरों में विवाह कर लें तो हलाला का चक्कर भी समाप्त हो जाएगा

**मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)।** देश में मौलाना हों या भगवा व लाल वस्त्र पहने महाराज दोनों की ही जुबान पर नियंत्रण समाप्त हो जा रहा है। इनके बेहूदे भाषणों से कब देश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश का माहौल खराब हो जाएगा, यह कह पाना मुश्किल है। बाकी तो इनके बसका कुछ है नहीं मगर मंच से ऐसे विचार रखने वाले लोग देश में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। किसी भी सूरत में एक ओर जहां मौलाना अपनी मर्यादाएं भूल रहे हैं वहीं अब संतों, महाराजाओं का चोला पहने लोग भी अपनी मर्यादाओं को तार-तार कर रहे हैं।

आजकल आरएसएस की ओर से विराट हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में यह सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं मगर इन सम्मेलनों में ऐसी भाषा का प्रयोग भी किया जा सकता है, यह शायद आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत को भी गवारा नहीं होगा। दरअसल स्वामी राम विशालदास के नाम के व्यक्ति को 31 जनवरी को शामली के कंडेला गांव में गौरी शंकर गौशाला में विराट हिन्दू सम्मेलन के कार्यक्रम में बुलाया गया था। माइक हाथ में आते ही स्वामी विशालदास ने जो आग उगली वो वास्तव में निन्दनीय है।



कैराना सांसद इकरा हसन का फाइल फोटो

उन्होंने कैराना सांसद इकरा हसन का नाम खुलकर लेते हुए कहा कि इकरा हसन ने जो तुम्हारे वोट गुर्जरों के नाम पर लिये हैं, उसे सलाह दो कि वह किसी गुर्जर से शादी कर-के दिखाए। पहली बात तो वह करेगी नहीं मगर उसे गुर्जरों में शादी करने के दो लाभ हो जाएंगे। एक लाभ कि तीन तलाक से वह बच जाएगी तथा दूसरा कि उसे ससुर से हलाला करने की नौबत नहीं आएगी। कार्यक्रम के तीन दिन बाद अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और ऐसे महाराज की जमकर निंदा हो रही है जो दूसरों की बहन-बेटियों पर ऐसी घटिया टिप्पणी करने से बाज नहीं आते और किसने इजाजत दी है कि एक सम्मानित पर पर आसीन आम युवती नहीं बल्कि सांसद पर ऐसी टिप्पणी करने की, एक ओर जहां मुस्लिम समुदाय खासतौर पर कैराना के लोगों में इस बयान को लेकर गुस्से का माहौल है वहीं हिन्दू समाज के लोग भी इस बात की निंदा कर रहे हैं और हिन्दू समाज के लोगों का कहना है कि यदि ऐसी ही भाषाएं उत्तर प्रदेश के अंदर मुस्लिम-हिन्दू गुरूओं द्वारा बोली गयी तो आम जनता को आपस में लड़ाकर ऐसे लोग सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटियां सेकेंगे और मुजफ्फरनगर-शामली जैसे इलाकों में सपा जैसे हाल दोबारा हो जाएंगे। शायद ऐसे मौलानाओं और ऐसे टीकाधारी अपने को स्वामी कहलाने वाले लोगों की तमीज और तहजीब पूरी तरह खत्म हो गयी है। ऐसी भड़काऊ भाषा का प्रयोग करके ये लोग वास्तव में प्रदेश में दंगा कराना चाहते हैं।



## बीएलओ ड्यूटी के तनाव और प्रताड़ना के चलते शिक्षामित्र ने स्कूल में खाया जहर, हालत गंभीर

**मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)।** जनपद से एक हृदयविदारक मामला सामने आया है, जहाँ शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव किनौनी में तैनात एक बीएलओ ने मानसिक तनाव के चलते स्कूल के भीतर जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। पीड़ित को गंभीर हालत में मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहाँ वह जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। किनौनी निवासी 54 वर्षीय अनुजवीर बालियान गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत हैं। लगभग एक माह पूर्व उनकी ड्यूटी एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत बीएलओ के रूप में लगाई गई थी। परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी लगने के बाद से ही वे अत्यधिक मानसिक तनाव में थे।



2 फरवरी दिन सोमवार को अनुजवीर मुजफ्फरनगर सदर तहसील से लौटने के बाद सीधे स्कूल पहुंचे और एक कक्षा में खुद को बंद कर जहरीला पदार्थ खा लिया। स्कूल स्टाफ की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उन्हें अचेत अवस्था में बाहर निकाला। घटनास्थल से एक पत्र बरामद हुआ है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है। एसडीएम मुख्यालय राहुल देव भट्ट के अनुसार, पत्र में अनुजवीर ने कुछ लोगों पर गलत काम करने के लिए दबाव बनाने और फॉर्म गायब होने का आरोप लगाया है। प्रशासन इस बात की गहनता से जांच कर रहा है कि वह पत्र अनुजवीर ने ही लिखा है या नहीं, और उन पर किस तरह के 'गलत काम' का दबाव था। अनुजवीर के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है और तहसील से लेकर गांव तक के घटनाक्रमों को जोड़कर देखा जा रहा है।



### परिजनों ने प्रधान और सचिव पर लगाए गंभीर आरोप

**मुजफ्फरनगर।** पीड़ित की भाभी, बेबी कुमारी ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के प्रधान और एक सचिव द्वारा वोट बनवाने को लेकर अनुजवीर को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि "उन्हें कागज पत्रों और वोटों को लेकर तंग किया जा रहा था। गांव के ही कुछ लोग उन्हें बदनाम करने और धमकी देने का काम कर रहे थे। इसी दबाव के कारण उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया।"

## ई-रिक्शा से गिरकर किशोरी की मौत

**बुढ़ाना, 03 फरवरी (बु.)।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में लगभग 14 साल की एक मरीज किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के कांधला रोड पर मेपल्स स्कूल के सामने एक अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे किशोरी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस हादसे में उसकी मां भी घायल हुई है। मृतक किशोरी की पहचान गांव जौला निवासी बागेजहाँ उर्फ छोटी पुत्री इकबाल राणा के रूप में हुई है। वह अपनी मां रुकसाना के साथ बुढ़ाना के सागर नर्सिंग होम से दवाई लेकर अपने गांव जौला लौट रही थी। बताया गया कि जब उनका ई-रिक्शा मेपल्स स्कूल से थोड़ा आगे पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि छोटी ई-रिक्शा से सड़क पर जा गिरी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर बुढ़ाना कस्बा चौकी इंचार्ज संदीप चौधरी मौके पर पहुंचे। हालांकि, परिजनों ने किशोरी के शव का पोस्टमार्टम कराने या कोई कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। किशोरी की मौत की खबर गांव जौला पहुंचते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना को लेकर गांव में भी शोक व्याप्त है।



## प्रशासन क्यों है लाचार... ?, शौचालयों को तोड़कर अतिक्रमणकारियों को ही क्यों नहीं बेच देते सरकार

**मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)।** बड़ी-बड़ी कार्रवाई करने के बाद भी प्रशासन लगातार अतिक्रमण हटाने में असफल दिखाई पड़ रहा है। पूरे शहर में अतिक्रमणकारियों का जाल फैला हुआ है, फिर वह चाहे शिवचौक हो, हनुमान मंदिर के पास स्थित फूलों का बाजार, एसडी मार्किट के बाहर के दुकानदार, रुडकी रोड हो या फिर भगत सिंह रोड। अतिक्रमणकारी कहीं भी कब्जे में आते दिखाई नहीं दे रहे। उससे भी अधिक शर्मनाक बात यह है कि भगत सिंह रोड के बाहर स्थित शौचालय को भी शायद सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से बेचा जा रहा है। यदि अतिक्रमण ही कराकर बेचना है तो क्यों न एक शर्मनाक उदाहरण और पेश कर दिया जाये कि शौचालय के बाहर बैठे अतिक्रमणकारियो ंको शौचालय तुड़वाकर ही शौंप दिया जाए। इससे शासन के खाते में करोड़ों रुपये एक साथ चले भी जाएंगे और उसके कमीशन की बंदरबाट भी हो जाएगी। आपको बता दें कि भगत सिंह रोड पर प्रतिदिन हजारों महिलाएं खरीदारी के लिए आती हैं। खरीदारी के साथ-साथ उन्हें शौचालय भी जाना पड़ता है और पूरे भगत सिंह रोड पर एकमात्र यही शौचालय है, जो गोल मार्किट की जड़ में है और यहां पर ही अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। कभी गर्म कपड़ों की दुकानें तो कभी जूता चप्पल स्टोर यहीं सजता है। आए दिन बेशक पालिका और प्रशासन टीम मिलकर इनका सामान जब्त कर लेती हो, मगर किसी न किसी की सिफारिश से अतिक्रमणकारियों का सामान छूटना ही अतिक्रमणकारियों को सिर चढ़ा रहा है। इतनी









शेष समाचार : पृष्ठ 4 पर पढ़ें

## एसआईआर की शिकायत सुनते-सुनते बीएलओ की मौत

**सहारनपुर, 3 फरवरी (एजेंसी)।** एसआईआर की जनसुनवाई के दौरान बीएलओ की मौत हो गई। वह लोगों की शिकायत सुन रहे थे। अचानक सीने में तेज दर्द उठा और कुर्सी से जमीन पर गिर पड़े। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद परिजन को घटना की सूचना दी गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। बीएलओ दुष्यंत सिंह बेदी सिचाई विभाग में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात थे। घटना मंगलवार दोपहर की नूर बस्ती थाना क्षेत्र की है। दुष्यंत सिंह बेदी मूल रूप से चकहरहेटी के रहने वाले थे। वर्तमान में नूर बस्ती क्षेत्र के बीएलओ थे। उनकी ड्यूटी नुमाइश कैंप क्षेत्र में माध्यमिक विद्यालय में लगाई गई थी। वह मंगलवार दोपहर स्क्फ्र से जुड़े मामलों की जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उनके सीने में तेज दर्द होने लगा। वह कुछ देर तक कुर्सी पर सीने पर हाथ रखकर बैठे रहे। इसके बाद अचानक जमीन पर गिर गए। वहां मौजूद स्टाफ ने उन्हें उठाने की कोशिश की, जब नहीं उठे तो उन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच करके उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुष्यंत सिंह के पत्नी की मौत करीब 8 साल पहले हो चुकी है। परिवार में उनकी मां और दो छोटे बच्चे हैं। दुष्यंत ही पूरे परिवार का एकमात्र सहारा थे। उनकी मौत के बाद परिवार को देखने वाला कोई नहीं बचा है।

**अचानक सीने में दर्द उठा, बेहोश होकर कुर्सी से गिरे, फिर उठे नहीं**

## मांसाहारी रेस्टोरेंट फूड एण्ड मूड के खिलाफ जांच शुरू

**मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)।** शहर के मीनाक्षी चौक स्थित प्रसिद्ध मांसाहारी रेस्टोरेंट फूड एण्ड मूड के खिलाफ शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गयी है। शिकायतकर्ता डीके फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष राधेश्याम पप्पू ने प्रशासन को जानकारी देते हुए बताया कि लगभग तीन वर्ष पहले यहां पर मांसाहारी भोजन खाने वाले 75 लोगों को अपच होने पर अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था, क्योंकि भोजन सामग्री के अंदर पशुओं की चर्बी का प्रयोग करने की बात सामने आई थी। इसी तरह अन्य शिकायतें करते हुए उन्होंने कहा कि ग्राहकों को माल बेचते समय मामूली सी जीएसटी का भुगतान दिखाकर उक्त होटल फर्जी तौर पर चलाया जा रहा है। अनुमान के मुताबिक इस होटल की प्रतिदिन की बिक्री दो लाख रुपये के आसपास है, जिसे हजारों में दर्शाया जा रहा है। खाने-पीने में मेला माइन के बर्तन प्रयोग किये जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताए गए हैं। 2-3 दिन तक चिकन को फ्रीज में रखकर ग्राहकों को परोसा जाता है। फूड एण्ड मूड के स्ट्रक्चर में भूकम्प रोधी उपकरण भी नहीं लगे हैं और न बिजली गिरने की स्थिति में बचाव के उपकरण मौजूद हैं। विकास प्राधिकरण से जो नक्शा पास कराया गया है, वह भी मौके के नक्शे से भिन्न है। रेस्टोरेंट के बाहर सड़क पर ही पार्किंग कराकर यातायात बाधित किया जा रहा है और रेस्टोरेंट के बाहर कोई वैध पार्किंग मौजूद नहीं है। शाम ढलते ही पूरे मीनाक्षी चौक के आसपास का क्षेत्र अवैध पार्किंग का अड्डा बन जाता है। उक्त सभी शिकायतों के आधार पर अपर जिलाधिकारी गजेन्द्र कुमार ने शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।





## लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर बाइक सवार बाप-बेटी की दर्दनाक मौत

**बिजनौर, 3 फरवरी (एजेंसी)।** बिजनौर-बदायूं स्टेट हाईवे पर मंगलवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता और उसकी चार वर्षीय पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता की मां गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा गांव अकबरपुर तिगरी की ईदगाह के पास हुआ, जब लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे तक सड़क पर जाम लगाकर अपना विरोध जताया। जानकारी के अनुसार, हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव पुड्डा निवासी हारून (28) अपनी मां अनीसा और पुत्री मेहरून (4) के साथ बाइक पर सवार होकर चांदपुर दवाई लेने गया था। एक लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को ओवरटेक करने का प्रयास किया। ओवरलोड होने के कारण ट्रैक्टर का अगला हिस्सा अचानक ऊपर उठ गया, जिससे वह अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर का अगला हिस्सा नीचे गिरा और उसी समय वहां से गुजर रही हारून की बाइक उसकी चपेट में आ गई। हारून और उसकी मासूम पुत्री मेहरून की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, हारून की मां अनीसा गंभीर रूप से घायल हो गई।

## मौहम्मद आरजू ने कुवैत में की शेख सैयदानी से शादी, इंसाफ मांगने मासूम को साथ लेकर मुजफ्फरनगर लेकर पहुंची

**मुजफ्फरनगर, 3 फरवरी (बु.)।** अपने प्रेमी की तलाश में आंध्र प्रदेश की एक महिला शहर कोतवाली में पहुंची। महिला अपने साथ 1 वर्षीय बच्चा भी साथ लिए हुई थी। महिला ने आरोप लगाया कि उसकी 2 साल पहले मौहल्ला लद्दावाला निवासी मोहम्मद आरजू से मुलाकात हुई थी। दोनों ने आंध्र प्रदेश में शादी की थी। पुलिस महिला की शिकायत पर मामले की जांच में जुट गयी है। आपको बता दें कि आंध्र प्रदेश राज्य के मंगलवार को जनपद-चित्तूर निवासी महिला शेख सैयदानी अपने 1 वर्षीय बच्चे के साथ शहर कोतवाली पहुंची। महिला ने आरोप लगाया कि 2 वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लद्दावाला के रहने वाले मोहम्मद आरजू से हुई थी। दोनों ने वहीं पर शादी कर ली। शादी के बाद से दोनों काफी दिन तक आन्ध्र प्रदेश में भी साथ रहे। आरोप है कि लगभग 1 माह पहले मोहम्मद आरजू उससे सोने की चेन व तीन लाख रुपये लेकर फरार हो गया। उसके बाद उसने महिला का फोन तक नहीं उठाया। कुछ दिन पहले महिला को जानकारी हुई कि उसने मेरठ में दूसरी शादी कर ली। मंगलवार को महिला शहर कोतवाली पहुंची। महिला की शिकायत का संज्ञान लेते हुए शहर कोतवाली पुलिस युवक के घर पहुंची, लेकिन वह अपने घर पर नहीं मिला। शहर कोतवाली के इंस्पेक्टर क्राइम विपिन कुमार ने बताया कि महिला को फिलहाल महिला थाने पर भेजा गया है। युवक को उससे जल्द ही मिलवाया जाएगा।





समस्त तीर्थ माता के चरणों में विद्यमान होते हैं
स्व. श्रीमती प्रेमवती धर्मपत्नी स्व. लाला ताराचन्द सर्राफ जी की 11 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर



**नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर**

**फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल**
ओखला रोड, नई दिल्ली
के सहयोग से आयोजित



- BLOOD PRESSURE
- RANDOM BLOOD SUGAR
- ECG
- PULMONARY FUNCTION TEST
- BONE MINERAL DENSITY TEST

**डॉ. धनंजय कुमार**
MBBS, MD, DM कार्डियोलॉजिस्ट
(Additional Director) Interventional Cardiology

**डॉ. रविन्द्र सिंह बिष्ट**
DMC (आर्थोपेडिक्स) (Senior Consultant)
Spine, Specialist Surgeon

**डॉ. शान्तनु गौर**
MBBS, MS, MCH, Senior Urologist

-: कार्यक्रम :-
बृहस्पतिवार, 05 फरवरी 2026
समय: प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक
स्थानः सन्तोष हॉस्पिटल (सिंघल नर्सिंग होम)
कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

::: निवेदक :::
श्रीमती रुकमणी देवी-स्व. मूलचन्द सर्राफ
श्रीमती सुशीला-शिवनारायण अग्रवाल
श्रीमती अंजू-अशोक अग्रवाल
श्रीमती प्रभा-पुष्पेन्द्र अग्रवाल
पंकज अग्रवाल-नवीन अग्रवाल
सुशील अग्रवाल-अभिषेक अग्रवाल
अभिनव अग्रवाल, प्रशान्त अग्रवाल

::: आयोजक :::
श्रीमती दीपा-सुरेन्द्र अग्रवाल
श्रीमती झलक-प्रसून अग्रवाल
रत्नदीप ज्वैलर्स, मो. 9837033201

सहयोगी संस्था:
अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन
इण्टरनेशनल गुडविल सोसायटी

रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें:- 9759223865, 8868081855

## यूपी में अप्रैल-जुलाई के बीच होंगे पंचायत चुनाव

### बैलेट पेपर जिलों में पहुंचे, 28 फरवरी को आएगी वोटर लिस्ट

**वाराणसी, 3 फरवरी (एजेंसी)।** पंचायत चुनाव को लेकर मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने मंगलवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा- यूपी सरकार ने पंचायत चुनाव कराने की तैयारी पूरी कर ली है। चुनाव निर्धारित समय पर कराए जाएंगे। राजभर योगी सरकार में पंचायती राज मंत्री हैं। मंगलवार को वे वाराणसी में थे। उन्होंने पंचायत चुनाव 2027 के विधानसभा चुनाव के साथ होने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने कहा- पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव से पहले होंगे। इसके लिए मतपत्र (बैलेट पेपर) छपकर सभी जिलों में पहुंच चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारियों ने होमवर्क शुरू कर दिया है। राजभर ने कहा- मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी 2026 को होने जा रहा है। भावी उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे अंतिम सूची आने से पहले अपने समर्थकों के नाम जुड़वा लें, पंचायत चुनाव ईवीएम पर नहीं, बल्कि मतपत्रों के जरिए ही कराए जाएंगे। यूपी में प्रधान, जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य के त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने स्पष्ट कर दिया है कि पंचायत चुनाव समय पर होंगे। सरकार इसके लिए पूरी तरह तैयार है। हर जिले में इसकी तैयारियां चल रही है। ओपी राजभर ने कहा- विधानसभा चुनाव से पहले ही पंचायत चुनाव होंगे। हालांकि अभी सटीक तारीखों का ऐलान करने से बचते रहे। बोले- अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच पंचायत चुनाव की पूरी प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी। पहले चरण में ग्राम प्रधान, बीडीसी (क्षेत्र पंचायत सदस्य) और जिला पंचायत सदस्यों के लिए वोट डाले जाएंगे। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष के अप्रत्यक्ष चुनाव होंगे। इसके लिए जिले तैयार हैं और बैलेट पेपर जिलों में पहुंचा दिए गए हैं। उनका नोटफिकेशन जल्द किया जाएगा।



## तीन दिन की गिरावट के बाद चांदी 32 हजार बढ़ी : 2.68 लाख पर पहुंची

**नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसी)।** गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद आज तेजी 3 फरवरी को तेजी है। वायदा बाजार में चांदी के दाम में करीब 32 हजार रुपए (13%) की बढ़त है। 1 किलो चांदी का भाव 2.68 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले तीन दिनों में चांदी की कीमत 1.60 लाख रुपए कम हुई थी। सोने में भी करीब 8 हजार रुपए (5%) की तेजी है। 10 ग्राम सोना 1.52 लाख रुपए पर है। बीते 3 कारोबार दिन में इसकी कीमत 26 हजार कम हुई थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, आज सर्राफा बाजार में चांदी 4,465 रुपए बढ़कर 2,63,965 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,783 रुपए बढ़कर 1,51,529 रुपए हो गया है। इससे पहले बीते 3 दिन मुनाफा वसूली के कारण सोने-चांदी की कीमत में गिरावट आई थी।

## लोकसभा में राहुल गांधी के भाषण पर हंगामा, 8 विपक्षी सांसद निलंबित

**नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसी)।** लोकसभा में राहुल गांधी की स्पीच पर लगातार दूसरे दिन हंगामा हुआ। राहुल ने मंगलवार दोपहर 2 बजे पूर्व आर्मी चीफ की अनपब्लिश्ड बुक के आर्टिकल को सदन में पेश किया। कहा- मुझे बोलने दिया जाए। उनके यह कहते ही एनडीए के सांसदों ने टोकना शुरू कर दिया। आज वे 14 मिनट तक बोलने की कोशिश करते रहे। इस बीच हंगामा तेज होता गया। राहुल ने सोमवार को भी 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश की थी। आज हंगामा बढ़ने पर स्पीकर कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने राहुल को रोका और दूसरी पार्टियों के सांसदों को बोलने को कहा, लेकिन राहुल के समर्थन में सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल, टीएमसी सांसद शताब्दी रॉय और डीएमके सांसद डी एम कातिर आनंद ने बोलने से इनकार कर दिया। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते वेल में पहुंच गए। स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की चेयर की तरफ विपक्षी सांसदों ने पेपर उछाले। इसके बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद पीठासीन दिलीप सैकिया ने 8 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर, युवक की मौत

**खतौली 3 फरवरी (बु.)।** भंगेला चौकी क्षेत्र में रविवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से विक्की सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान गांव खेड़ी निवासी दिनेश पुत्र धर्मपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर गांव में शोक का माहौल है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

**शोक संदेश**



अपार दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताश्री
**श्री मामचन्द अग्रवाल**
(पुत्र स्व० श्री रघुवर दयाल)
का स्वर्गवास दिनांक- 23 जनवरी 2026, दिन- शुक्रवार को हो गया।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु उनकी
शोक सभा आज दिनांक- 4 फरवरी, 2026, दिन- बुधवार को होनी निश्चित हुई है।
हवन:- प्रातः 08:00 बजे | ब्रह्मभोज:- दोपहर 12:00 बजे | रस्म पगड़ी:- दोपहर 2:00 बजे
स्थानः- सनातन धर्म सभा भवन, निकट झांसी की रानी, मुजफ्फरनगर।
(नोटः- गाड़ियों की पार्किंग टाउन हॉल में फ्री है।)

-: शोकाकुल परिवार:-
राजीव अग्रवाल- कोमल (पुत्र- पुत्रवधू)
प्रीति गोयल-प्रवीण गोयल (पुत्री-दामाद)
रुचि-अशोक कुमार (पुत्री-दामाद)
प्राची गोयल-नूतन गोयल (पुत्री-दामाद)
आंचल गुप्ता-वरुण गुप्ता (पुत्री-दामाद)
अवीशी, जीशा, अयांश (पौत्री-पौत्र)
प्रतीक, पारीत, पारिशा, खुशी, ऋषभ (धेवते-धेवती)
पलपल, कन्हैया, आदरिति, व्योम (धेवते-धेवती)
सुभाष-प्रभा अग्रवाल (भाई-भाभी)
राजेश-संगीता अग्रवाल (भाई-भाभी)
विपिन-सुनीता अग्रवाल (भाई-भाभी)
अक्षय-अर्चना अग्रवाल (भाई-भाभी)
आशीष- संजना, नमन-रितु (भतीजा-भतीजवधू)
सागर- आस्था (भतीजा-भतीजवधू)
सजल अग्रवाल (भतीजा)
एवं समस्त सिंघल परिवार

प्रतिष्ठानः-
• रघुवर दयाल एण्ड सन्स • राजेश स्टेशनर्स • सूर्या प्रकाशन
• टर्निंग पाइंट पब्लिकेशन • वेदान्त पब्लिशिंग हाउस
M:.9557777797, 9997725672, 9412205940



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## अमेरिका ने भारत पर टैरिफ घटा दिया

अमेरिका ने भारत से आयात होने वाले सामान पर टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी दोनों नेताओं ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। दोनों नेताओं में जहाँ प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी सधी हुई बातें लिख रहे हैं, वहीं ट्रम्प अधिक उत्साहित लग रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह भी कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बन गई है, लेकिन भारतीय प्रधानमन्त्री मोदी के एक्स पोस्ट में व्यापार समझौते को लेकर कोई जानकारी नहीं है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमति बनी है, इसके तहत अमेरिका ने रेसिप्रोकल टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर लिखा है कि जैसा कि मैं कई बार कह चुका हूं, राष्ट्रपति ट्रम्प वाकई प्रधानमन्त्री मोदी को अपना बहुत अच्छा मित्र मानते हैं। व्यापार समझौते की खबर से बेहद उत्साहित हूं। अमेरिका और भारत के रिश्ते में असीम संभावनाएं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक पोस्ट में लिखा कि आज सुबह भारत के पीएम मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। वह मेरे सबसे अच्छे मित्रों में से एक हैं और अपने देश के एक शक्तिशाली और सम्मानित नेता हैं। हमने कई विषयों पर चर्चा की, जिनमें व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना भी शामिल था। उन्होंने रूसी तेल की खरीद बंद करने, अमेरिका से और संभवतः वेनेजुएला से, कहीं अधिक तेल खरीदने पर सहमति जताई। इससे यूक्रेन में चल रहे युद्ध को समाप्त करने में मदद मिलेगी, जिसमें हर हफ़्ते हजारों लोग मारे जा रहे हैं। प्रधानमन्त्री मोदी के प्रति मित्रता और सम्मान के चलते और उनके आग्रह पर तत्काल प्रभाव से हमने अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमति जताई है। इसके तहत अमेरिका ने रेसिप्रोकल टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। भारत भी अमेरिका के प्रति अपने टैरिफ और नॉन टैरिफ बैरियर्स को जीरो करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। प्रधानमन्त्री ने ₹बाय अमेरिकन₹ नीति के तहत अमेरिका से और अधिक खरीदारी करने की प्रतिबद्धता भी जताई है। इसमें 500 अरब डॉलर से अधिक की अमेरिकी ऊर्जा, टेक्नोलॉजी, कृषि, कोयला और अन्य कई उत्पादों की खरीद की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हमारा शानदार रिश्ता आने वाले समय में और भी मजबूत होगा। प्रधानमन्त्री मोदी और मैं ऐसे व्यक्ति हैं, जो काम को अंजाम तक पहुंचाते हैं, जबकि अधिकांश के बारे में ये बात नहीं कही जा सकती। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि आज मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति ट्रम्प से बात करके बेहद खुशी हुई। यह जानकर खुश हूं कि अब मेड इन इंडिया उत्पादों पर टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इस घोषणा के लिए भारत के 1.4 अरब लोगों की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया। उन्होंने लिखा कि जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र साथ मिलकर काम करते हैं, तो इसका लाभ हमारे लोगों को मिलता है और परस्पर हित के अपार अवसर खुलते हैं। वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का नेतृत्व बेहद महत्वपूर्ण है। शांति के प्रयासों में भारत उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। मैं उनके साथ मिलकर अपनी साझेदारी को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार हूं। कांग्रेस,ने दोनों नेताओं के बीच की बातचीत को अपने धूल लगे चश्मे से देखा है। कांग्रेस, राहुल गांधी के नेतृत्व में संसद और संसद के बाहर आत्मघाती राजनीति के पथ पर चल रही है, इस घोषणा के बाद कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया है। जयराम रमेश ने लिखा कि उन्होंने यानी ट्रम्प ने ऑपरेशन सिन्दूर को रोकने की घोषणा वॉशिंगटन डीसी से की। उन्होंने रूस और वेनेजुएला से भारत की तेल खरीद पर अपडेट भी वॉशिंगटन ही से दिए और अब उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का ऐलान भी वॉशिंगटन से कर दिया है, जिसके पूरे विवरण का इंतजार है। राष्ट्रपति ट्रम्प की प्रधानमन्त्री मोदी पर कुछ तो दबाव या पकड़ साफ दिखाई देती है। मोदी अब उनसे दूर-दूर ही नजर आते हैं, गले लगने जैसी पुरानी दोस्ताना शैली तो दूर की बात है। ऐसा लगता है कि इस बार मोदी जी झुक गए हैं। यकीनन यह सबसे बड़ा समझौता तो नहीं हो सकता। वॉशिंगटन में तो साफ दिख रहा है-मोगैम्बो खुश हुआ। जयराम रमेश के इस पोस्ट को कांग्रेस की खिसियाहट बताया जा रहा है। कांग्रेस संसद और संसद के बाहर लगातार गलत सियासी बर्ताव कर रही है, जो उसके लिए सियासी एतबार से खतरनाक है। ट्रम्प के इस अचानक ऐलान के पीछे कई रणनीतिक और आर्थिक कारण बताये जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति टैरिफ के मामले में अपने ही देश में आलोचनाओं का सामना कर रहे थे विशेष रूप से भारत के मामले में। एक कारण यह भी हो सकता है और यह भी कि वे खुद को ग्लोबल डीलमेकर के तौर पर पेश करना चाहते हैं। भारत जैसी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ बड़ी ट्रेड डील उनके लिए राजनीतिक और आर्थिक दोनों लिहाज से फायदेमंद है। ट्रम्प की इस घोषणा के पीछे एक बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि भारत ने हाल ही में यूरोपीय यूनियन के साथ एक बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है, जिसमें 96 फीसदी से ज्यादा उत्पादों पर टैरिफ घटाने या खत्म करने की बात तय हुई है। ट्रेड एक्सपर्ट्स मानते हैं कि यूरोपीय यूनियन फ्री ट्रेड डील के बाद अमेरिका पर भी दबाव बढ़ा कि वह भारत के साथ प्रतिस्पर्धी शर्तों पर समझौता करे, ताकि अमेरिकी कंपनियां पीछे न रह जाएं। ऐसे में भारत के साथ हुई इस नयी डील से अमेरिकी एक्सपोर्टर्स बढ़ेंगे और रूस की आय कम होगी। ट्रम्प द्वारा अचानक टैरिफ घटाने के फैसले को भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत, यूरोपियन यूनियन के साथ हुई डील और अमेरिकी घरेलू राजनीति तीनों का नतीजा माना जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अमेरिका-भारत डील वास्तव में लागू होती है, तो इसका ढांचा काफी हद तक भारत-यूरोपियन यूनियन समझौते जैसा हो सकता है। यानी अधिकतर उत्पाद श्रेणियों में टैरिफ कम करना, लेकिन संवेदनशील कृषि उत्पादों को बाहर रखना। अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों के तहत भारत को यूरोपियन यूनियन को दी गई रियायतों के बराबर अवसर अमेरिका को भी देने पड़ सकते हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'अक़्ल' 'शौक' 'चाबी' 'जाहिल'

अपनी अक़्ल के पीछे चलना मुद्दत से वो छोड़ चुके,
घटिया-घटिया बातें सुनना, नेताओं का शौक हुआ।
आस पास के जाहिल उनमें चाबी को भर देते हैं,
चाबी भरने ही पर चलना,नेताओं का शौक हुआ।

# खराब सड़क पर ठेकेदार का भुगतान रोका, ब्लैकलिस्ट करने के आदेश

**- जिलाधिकारी ने ठेकेदार को लगाई जमकर फटकार - करीब 6 माह पूर्व बनी सड़क देख डीएम रह गये हक्के-बक्के, - 15वां वित्त आयोग से हुआ था खालापार में सड़क निर्माण**



**मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)।** नगरपालिका परिषद क्षेत्र में बीते दिनों हुए निर्माण कार्यों का सच जानने की खातिर डीएम उमेश मिश्रा ने पालिका अफसरों के संग स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मिली शिकायत का सच सामने आने पर डीएम ने नगर पालिका के ठेकेदार का भुगतान रोके जाने के साथ संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्ट किए जाने के पालिका ईओ को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए। पालिका क्षेत्र के वार्ड 55 व 27 मौ. खालापार स्थित फक्करशाह चौक से एके सैनेट्री स्टोर तक होने वाले इस निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे अफसरों को भारी अनियमितता मिली। नगर पालिका प्रशासन द्वारा बीते माह 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत बनी 247 मीटर सीसी सड़क का पालिका ईओ के साथ निरीक्षण किया। इस बीच निर्माण कार्यों का स्तर देखने के बाद ईओ पालिका को संबंधित फर्म ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करते हुए भुगतान रोकने के साथ ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। डीएम द्वारा किए निरीक्षण में मिली खामी के बाद जनपद में निर्माण कार्यों में लगे ठेकेदारों में हड़कंप मचा है।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर के वार्ड सं. 55 एवं 27 मौहल्ला खालापार स्थित फक्करशाह चौक से एके सैनेट्री स्टोर तक 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत निर्माण कराई गई कुल 247 मीटर सीसी सड़क का मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उक्त 247 मीटर सीसी सड़क का निर्माण करीब 06 माह पूर्व हुआ था, परन्तु उक्त सड़क के बीच में दरार आने के कारण संबंधित पालिका ठेकेदार द्वारा फजीहत से बचने के लिए तारकोल से सड़क की उक्त दरार को भरवाकर आनन-फानन में फिर से सड़क की मरम्मत करा दी। मंगलवार को शिकायत के आधार पर निरीक्षण में मिली बड़ी खामी का संज्ञान लेते हुए डीएम उमेश मिश्रा ने सम्बन्धित पालिका के ठेकेदार को मौके पर फटकार लगायी। इसके साथ उन्होंने मौके पर इस तरह की कार्रवाई को गंभीर लापरवाही मानते हुए उक्त मामले में अधिशासी अधिकारी पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह को उक्त सम्बन्धित ठेकेदार का भुगतान रोकते हुए उक्त फर्म/ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए ब्लैक लिस्ट करने के लिए भी आदेशित किया। इस दौरान पालिका की अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह एवं सहायक अभियन्ता निमाण नैपाल सिंह एवं संबंधित ठेकेदार मैसर्स धीरज पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# निरस्त डिग्रीधारक चिकित्सक राकेश नाथ आवटे को प्रैक्टिस करने पर सीएमओ ने लगाई रोक

**- जिले में अवैध अस्पतालों पर कार्यवाही की मांग को लेकर हिन्दू संघर्ष समिति सीएमओ से मिली**



**मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)।** हिंदू संघर्ष समिति से जुड़े प्रतिनिधिमंडल ने संयोजक नरेंद्र पंवार के नेतृत्व में सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया से मुलाकात की। इस दौरान समिति ने जिले में एक सघन चेकिंग अभियान चलाने की मांग की। साथ ही जनपद में डॉ. राकेश नाथ आवटे के विषय में चर्चा की, जिसका लाइसेंस पूर्व में उत्तराखंड सरकार से निरस्त हो गया, लेकिन इसके बावजूद वह मुजफ्फरनगर में कई निजी अस्पतालों में डिग्री लगाकर सेवाएं दिए जाने की बात की। समिति ने सीएमओ से अभियान चलाकर ऐसे चिकित्सकों को चिन्हित किए जाने की मांग की। ताकि जिले में कहीं और तो ऐसे डॉक्टर नहीं हैं, जो फर्जी डिग्रियों के आधार पर कार्यरत रहकर लोगों की जान माल से खिलवाड़ कर रहे हों। हिंदू संघर्ष समिति ने मुख्य चिकित्साधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि ऐसे डॉक्टरों को चिन्हित किया जाए, जो एक साथ विभिन्न अस्पतालों में डिग्री देकर अपने नाम का दुरूपयोग करते हुए अपनी गैर मौजूदगी में झोलाछाप डॉक्टरों को सेवाएं देने का अवसर प्रदान कर जनमानस के जीवन से खिलवाड़ करने का अवसर दे रहे हैं। समिति ने दावा किया कि डिग्री देने वाले ऐसे डॉक्टर भी उतने ही अपराधी हैं, जितना उनकी डिग्री पर बैठकर सेवाएं देने वाला अन्य चिकित्सक है। इस दौरान अरुण प्रताप सिंह, संजय मिश्रा, देशराज चौहान, पवन मित्तल,चमन लाल कुक्की, सुरेंद्र मित्तल, पवन पांचाल, राजेंद्र धीमान, सोनू धीमान आदि विभिन्न संगठनों के हिंदू वीर मौजूद रहे। हिन्दू संघर्ष समिति से जुड़े पदाधिकारियों को सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही टीम गठित कर पूरे जनपद में निजी अस्पतालों एवं क्लीनिकों पर चेकिंग अभियान चलाते हुए फर्जी एवं झोलाछाप चिकित्सकों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ उन्होंने हिंदू संघर्ष समिति की मांग पर जांच करते हुए निरस्त डिग्री के डॉक्टर राकेश नाथ आवटे को प्रेक्टिस करने पर रोक लगाने के संबंध में आदेश जारी कर दिया।

# हिंदू भेष धरकर भीख मांगते पकड़ा मुस्लिम युवक, ग्रामीणों में रोष



**भोपा, 03 फरवरी (बु.)।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जड़वड़ कटिया में एक युवक को ग्रामीणों ने साधु का भेष धारण कर भीख मांगते हुए पकड़ लिया। पूछताछ के बाद उसके मुस्लिम होने का खुलासा होने के बाद ग्रामीणों में रोष फैल गया, जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। ककरौली थानाक्षेत्र के गांव जड़वड़ कटिया में मंगलवार को एक युवक साधु के भेष में भीख मांग रहा था। ग्रामीणों के अनुसार युवक हाथ में कलावा बांधकर माता के भजन गाते हुए हिंदू बस्तियों में घूम रहा था और महिलाओं को भविष्य बताने का प्रलोभन दे रहा था। जहरखुरानी गिरोह से परेशान ग्रामीणों को पूछताछ के दौरान युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने उससे पूछताछ की तो उसके बुढ़ाना थानाक्षेत्र के गांव जौला निवासी मुस्लिम युवक अहसान होने की जानकारी हुई, जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। मामले को लेकर स्वामी यशवीर महाराज का बयान भी सामने आया है। उनका कहना है कि यह कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि एक संगठित नेटवर्क गांव-गांव में सक्रिय है, जो साधु का वेश धारण कर हिंदू बस्तियों में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि ऐसे कई लोग पहले भी पकड़े जा चुके हैं। स्वामी यशवीर महाराज ने पुलिस प्रशासन से इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल सांत्वना देने पहुंचे

**जानसठ, 03 फरवरी (बु.)।** प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल मंगलवार को नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन यनेश तंवर के आवास पर पहुंचे। राज्यमंत्री ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन यनेश तंवर के भाई समाजसेवी नरेश तंवर का शनिवार की सुबह चार बजे लंबी बीमारी के चलते गुडगांव के अस्पताल में निधन हो गया था। इस दौरान पूर्व चेयरमैन यनेश तंवर, प्रवीण तंवर आदि मौजूद रहे।

# पालिका सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव कराने की मांग तेज



**मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद की सफाई कर्मचारी संघ कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर सफाई कर्मचारियों और वाल्मीकि समाज में रोष बढ़ता जा रहा है। चुनाव न कराने को गंभीर बताते हुए समाज के लोगों ने पालिका प्रशासन पर उनकी आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की। नगरपालिका परिषद के सफाई कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का चुनाव कराने की मांग फिर से जोर पकड़ने लगी है। इसको लेकर मंगलवार को वाल्मीकि समाज से जुड़े लोगों और सफाई कर्मियों ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा के नाम ज्ञापन सौंपते हुए समाज ने शीघ्र चुनाव कराए जाने और कर्मियों की लंबित मांगों के समाधान की मांग की। उन्होंने बताया कि नगरपालिका परिषद में सफाई कर्मचारी संघ का कार्यकाल 2 वर्ष का होता है और परंपरागत रूप से हर 2 वर्ष बाद समय से चुनाव कराए जाते रहे हैं। इन चुनावों के बूते सफाई कर्मियों के हितों की रक्षा, समय से वेतन का भुगतान, अन्य सुविधा व समस्याओं का समाधान किया जाता है, लेकिन वर्तमान में पालिका प्रशासन द्वारा चुनाव की घोषणा नहीं की जा रही है। सफाई कर्मचारी हितों को लेकर उन्होंने कहा कि कई बार संगठनों के माध्यम से पालिका चेयरपर्सन व अधिशासी अधिकारी से चुनाव कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने इसे दलित समाज के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी वर्ग में बड़ी संख्या में लोग वाल्मीकि समाज से आते हैं और उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान कर्मियों परिवारों से जुड़ी अन्य समस्याओं को भी उठाया। इस ज्ञापन में मांग की कि संविदा पर कार्यरत मृतक कर्मियों के आश्रितों को अब तक ठेके में समायोजित नहीं किया है, जबकि यह उनका अधिकार है। उन्होंने मांग की कि इन मृतक आश्रितों को ठेके में समायोजित किया जाए। इसके अलावा ठेका सफाई कर्मियों के दिसंबर और जनवरी माह के वेतन में कथित घोटाले का मुद्दा भी उठाया गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में स्थिति सभी के सामने स्पष्ट है, इसके बावजूद ठेका कर्मचारियों के पीएफ का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो सफाई कर्मचारी आंदोलन को मजबूर होंगे। उन्होंने डीएम से अपील की कि दलित समाज के साथ हो रहे इस अन्याय को रोका जाए और सफाई कर्मचारियों को उनका संवैधानिक अधिकार दिया जाए। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में वाल्मीकि समाज के नेता राजकुमार बेनीवाल, अजीत कुमार, दीपक बेनीवाल, राजेंद्र कुमार, संदीप कुमार, नितिन कुमार व अमित कुमार आदि शामिल रहे।

## सेंसेक्स 2073 अंक चढ़ा, वजह- ट्रम्प ने टैरिफ घटाया

**मुंबई, 3 फरवरी (एजेंसी)।** शेयर बाजार में आज यानी 3 फरवरी को तेजी रही। सेंसेक्स में 2073 अंक (2.54%) बढ़कर 83,739 पर बंद हुआ। निफ्टी में 639 अंक (2.55%) की तेजी रही, ये 25,728 पर बंद हुआ। ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ को 50% से घटाकर 18% कर दिया है, जिस वजह से बाजार चढ़ा है। रियल्टी, मेटल और फार्मा शेयर में सबसे ज्यादा खरीदारी रही। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 4.79% चढ़कर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में बढ़त रही। वहीं निफ्टी 50 शेयरों में से 46 शेयरों चढ़कर बंद हुए। 1 फरवरी को बजट में टैक्स बढ़ने के ऐलान के बाद सेंसेक्स 1,546 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ था। वहीं कल 2 फरवरी को सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर 81,666 पर बंद हुआ था। आज भारत-अमेरिका ट्रेड डील के ऐलान चलते बाजार में तेजी रही।

## लोन खत्म तो आरसी से खुद हटा सकते हैं बैंक का नाम

**मुजफ्फरनगर, 3 फरवरी (बु.)।** वाहन फाइनेंस पूरा होने के बाद रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) से बैंक का लोन पर खरीदी गई गाड़ी से नाम हटवाने के लिए अब वाहन मालिकों को न बैंक के चक्कर लगाने होंगे और न ही परिवहन दफ्तर जाना पड़ेगा। परिवहन विभाग ने हाइपोथिकेशन निरस्तीकरण की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और फेस लेस बना दिया है। इस नई व्यवस्था से हर साल प्रदेश के करीब 5 लाख वाहन मालिकों को फायदा मिलेगा। अब तक फाइनेंस खत्म होने के बाद वाहन स्वामी को संबंधित बैंक से फॉर्म-35 के तहत अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना पड़ता था। इसके बाद भी परिवहन विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर 75 रुपए शुल्क जमा कर वाहन की आरसी दफ्तर में जमा करनी पड़ती थी। बैंक द्वारा जारी एनओसी के सत्यापन में लंबा समय लगता था, वहीं आवेदनों की अधिक संख्या के कारण सभी मामलों की जांच संभव नहीं हो पाती थी। इससे फर्जी एनओसी के जरिए हाइपोथिकेशन हटवाने की आशंका बनी रहती थी, जिससे बैंक और वाहन मालिक-दोनों को नुकसान हो सकता था। परिवहन विभाग की नई प्रक्रिया के तहत अब वाहन स्वामी को केवल https:/parivahan.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा। आवेदन मिलते ही एनआईसी द्वारा विकसित विभाग के पोर्टल के जरिए संबंधित बैंक के सेंट्रल सर्वर से स्वतः सत्यापन कर लेगा। पूरी सेवा ऑनलाइन होने से बैंक से किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। आवेदन मिलने के बाद संबंधित परिवहन कार्यालय के पास 7 दिन का समय रहेगा। यदि वाहन पर कोई न्यायालयीन मामला या अन्य लंबित प्रकरण है तो अधिकारी आवेदन निरस्त कर सकेंगे। यदि 7 दिन में निर्णय नहीं लिया गया तो आवेदन ऑटो अप्रूव हो जाएगा। हाइपोथिकेशन हटने के बाद वाहन मालिक अपनी डिजिटल आरसी सेव कर सकेंगे। या


INDRAPRASTHA PUBLIC SCHOOL
Morna (Muzaffarnagar)
(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi 10+2)
REQUIRES
School Coordinator (Female)
PGT's: Maths, English, Accountancy, B.St.
TGT's: English, S.St., Maths, Computer, Science, Hindi
PRT's: All Subjects and one Receptionist
The candidates should be well qualified & experienced
and Send bio-data:- Email: ipsmorna1999@rediffmail.com
Contact : 7055511577,9720111121

CHAKRADHAR CHEMICALS PVT. LTD.
Muzaffarnagar (U.P.)
WE ARE HIRING – MULTIPLE POSITIONS
1. Instrumentation Technician
Qualification: Diploma / ITI (Instrumentation)
Experience: 2 to 10 Years
2. Production Operator
Qualification: Diploma (Chemical) / ITI
Experience: Relevant industry experience preferred
3. Graduate / Experienced Professional
Qualification: B.Sc.
Experience: 2 to 5 Years
4. Forklift Driver
Qualification: Valid Forklift License
Experience: 2 to 10 Year
5. Fitter and Welder
Qualification: ITI / Skilled Worker
Experience: 2 to 10 Year
Interested candidates may send their resume to
hrd@chakradhar.co.in | Contact No.: 9412711308

"आपकी गोद का स्नेह सीख बनकर रहेगा सदा,
आपके संस्कार और स्मृतियाँ हर पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल करेंगी हमेशा।"





स्व. श्रीमती शान्ति देवी जी
01/01/1935-23/01/2026
हमारी प्रिय व पूज्य माता जी श्रीमती शान्ति देवी जी का
दिनांक: 23 जनवरी 2026 को स्वर्गवास हो गया था। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी।
उनकी पुण्यात्मा की शांति हेतु तेरहवीं / रस्म पगड़ी एवं शोक सभा इस प्रकार है -
दिनांक : 04 फरवरी, 2026 (बुधवार)
ब्रह्मभोज :- दोपहर 12:00 बजे
रस्म तेरहवीं:- दोपहर 02:00 बजे से 03:00 बजे तक
स्थान :- गांधी वाटिका, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
-: शोकाकुल परिवार :-
महेंद्र आहूजा – सीमा आहूजा
नरेश आहूजा– ज्योति आहूजा
चितरंजन आहूजा (बोबी) - गीता आहूजा
(पुत्र - पुत्रवधू)
लवीश आहूजा -शिवानी (पौत्र-पौत्रवधू)
मानवी महंत, आश्रय आहूजा, प्रेरित आहूजा,लवीश आहूजा,
चेतन आहूजा, हार्दिक आहूजा, कनिष्का आहूजा (पौत्र - पौत्रियाँ)
सरिता कुकरेजा - स्व. श्री आत्मप्रकाश कुकरेजा
(पुत्री - दामाद)
कांता अरोरा - नरेश अरोरा
(पुत्री - दामाद)
मानवी मंहत- सतेन्द्र दास मंहत
(पौत्री-दामाद)
-: प्रतिष्ठान:-
लवीश होम फर्निशिंग,
महेंद्र हैंडलूम, लोहिया बाज़ार, मुजफ्फरनगर 9719926820
आहूजा (नरेश) हैंडलूम, लोहिया बाज़ार, मुजफ्फरनगर 9997862686
बोबी हैंडलूम, लोहिया बाज़ार, मुजफ्फरनगर 9897243506

श्रद्धांजलि सभा





अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे
प्रिय शिवम संगल (पुत्र श्री नितिन कुमार संगल) का
स्वर्गवास दिनाँक: 25 जनवरी, 2026 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
दिवंगत आत्मा की शांति के लिए
-: श्रद्धांजलि सभा :-
दिनाँक: 05 फरवरी, 2026 दिन- बृहस्पतिवार
समय: दोपहर 03 बजे
स्थान:- D-46, Second Floor, BPTP Pedestal Floors, Sector 70A, Gurugram पर रखी गई है।
शोकाकुल परिवार :- संगल परिवार
-: सम्पर्क सूत्र :-
विशाल संगल - 9717197491
जिज्ञासु संगल - 9910397145


# भूमि में निर्माण कार्य कराने के मामले में दूसरा पक्ष भी आया सामने



**बुढ़ाना, 03 फरवरी (बु.)।** गांव रसूलपुर दभेड़ी में शांति भंग की आशंका को देखते हुए बुढ़ाना पुलिस के द्वारा विगत दिवस बंद कराए गये एक पक्ष के एक भूमि के निर्माण कार्य के मामले में दूसरा पक्ष भी सामने आ गया है, जिसमें दूसरे पक्ष के व्यक्ति ने झूठे आरोप लगाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध जमकर जहर उगला और अपनी सुरक्षा की गुहार बुढ़ाना पुलिस से लगाई। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेड़ी में बुढ़ाना वाया खतौली मार्ग पर स्थित एक भूमि है, जिसमें बीते दिनों आसिफ नाम के युवक ने अपनी ही भूमि के पड़ोसी इस्लाम पर गंभीर आरोप लगाते हुए बुढ़ाना पुलिस पर भी पार्टी बनने का खुलकर आरोप लगाया था। अब इन्हीं आरोपों का खंडन करते हुए इस्लाम भी इस मामले में सामने आ गया है। उसने भी अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उसकी भूमि खसरा नंबर 562 रसूलपुर दभेड़ी गांव मे स्थित है, जिसमें उसका रकबा 410 मीटर है जबकि उसके पड़ोसी आसिफ का रकबा 205 मीटर है। उक्त भूमि की बाबत एक वाद एसडीएम कोर्ट से सम्पन्न होने के बाद अब कमिश्नरी सहारनपुर में यह मामला विचाराधीन है, जिसमें जजमेन्ट होने ही वाला है, परन्तु पड़ोसी तैय्यब, आसिफ, आरिफ, कासिम और नासिर उसके हिस्से की भूमि पर भी जबरदस्ती कब्जा कर अवैध निर्माण करना चाह रहे हैं तथा उसे मारने पीटने और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसे उक्त लोगों से अपनी जान का खतरा बना है। ये लोग हिस्ट्रीशीटर व बदमाश किस्म के लोग हैं तथा गोली मारने की धमकी दे रहे हैं, जब तक उक्त भूमि के सम्बन्ध में वाद निर्णीत नहीं होता, तब तक के लिये आरोपियों को भूमि पर निर्माण कार्य करने से रोका जाए। इस मामले में इस्लाम ने मंगलवार को एसडीएम व सीओ कार्यालय को भी शिकायत की है और अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई। उधर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने बताया कि गत दिवस दोनों पक्षों के ही लोगों को जेल भेजा गया था, ताकि शांति भंग ना हो।

## चरथावल में वृद्ध महिला से अश्लील हरकत का मामला

**- ग्रामीणों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा**



**चरथावल, 03 फरवरी (बु.)।** जनपद के चरथावल थाना क्षेत्र के जंगल में एक वृद्ध महिला से अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आपत्तिजनक व्यवहार करते एक युवक को मौके पर ही पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति महिला के साथ आपत्तिजनक हरकत कर रहा था। आसपास मौजूद ग्रामीणों को इसकी भनक लगते ही उन्होंने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी युवक को पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया और उसे थाने ले गई। इस घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण ने बताया कि आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़ित महिला के परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# उपमंडी न बनाने पर हाईकोर्ट ने परिषद को लगाई कड़ी फटकार

**बुढ़ाना, 03 फरवरी (बु.)।** यहां उपमण्डी बनाने से इन्कार करने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मण्डी परिषद को कड़ी फटकार लगाई है। बीते वर्ष 1977 में बुढ़ाना में उप-मण्डी एवं शाहपुर में मण्डी निर्माण के लिए गजट व अधिसूचना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई थी। इस मामले में नया मोड़ तब आ गया, जब अधिवक्ता उत्थान समिति बुढ़ाना के अध्यक्ष एहतेशाम सिद्दीकी एडवोकेट द्वारा 2 वर्ष पूर्व उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित जनहित याचिका में परिषद द्वारा बीती 29 जनवरी में मण्डी परिषद द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें कहा गया कि बुढ़ाना में उप मण्डी बनाने के लिए कोई उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिसको देखते हुए 1977 में पास की गई उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना से बुढ़ाना के उपमण्डी निर्माण को गैर अधिसूचित करने का निर्णय लिया गया है। जिसकी बैठक मार्च के महीने में की जाएगी, जिससे बुढ़ाना में उपमण्डी निर्माण नहीं करने का रास्ता साफ हो सके। उच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश में कहा गया कि मण्डी परिषद द्वारा जो रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, वह बुढ़ाना उपमण्डी को अस्वीकार करने के लिए तैयार की गई है। न्यायालय द्वारा कहा गया किसी भूमि को शहर से दूर तथा किसी भूमि को घनी आबादी के निकट बताकर अस्वीकार किया गया है, जो कि मण्डी परिषद की मानसिकता को दर्शाता है। मुख्य न्यायाधीश द्वारा अपने आदेश में यह भी कहा गया कि बुढ़ाना में उपमण्डी निर्माण की अधिसूचना उन्नीस सौ सत्तर में पास की गई थी और तब से ही अस्तित्व में चली आ रही है, परन्तु अड़तालीस वर्ष बीतने के पश्चात भी बुढ़ाना में उपमण्डी बनाने के लिए मण्डी परिषद द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया है। अब जब इस न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है, जब से बुढ़ाना में उपमण्डी बनाने के लिए ईमानदारी से प्रयास करने के बजाए उसे निरस्त करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। उच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश में कहा गया कि मण्डी परिषद के आचरण की सराहना नहीं की जा सकती तथा निर्देश दिया गया कि मण्डी परिषद अपने आचरण की समीक्षा करे। उम्मीद है कि उच्च न्यायालय के इस आदेश के बाद बुढ़ाना में उपमण्डी बनने का रास्ता साफ हो जाए। एहतशाम सिद्दीकी एडवोकेट ने कहा कि बुढ़ाना क्षेत्र को भी विकास की दरकार है तथा इसी को लेकर बुढ़ाना में उपमण्डी बनवाने के लिए संघर्ष जारी है और उपमण्डी बनने तक संघर्ष जारी रहेगा।

